Seat No. : _______________

# XB-104

**T.Y.B.A.**

**March-2013**

## Hindi : Paper-VIII

**(उपन्यास, नाटक, एकांकी)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना** : (1) प्रश्न के आगे अंक लिखे हैं ।

(2) प्रत्येक नया प्रश्न नये पृष्ठ पर लिखें ।

(3) प्रश्न क्रमांक सही लिखें ।

(4) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम में लिखें ।

1. संदर्भ देकर व्याख्या कीजिए : **21**

(क) मैं पूछती हूँ भावना में भावना का वरण क्या होता है ?
उससे जीवन की आवश्यकताएँ किस तरह पूरी होती हैं ?

**अथवा**

विलोम क्या है ? एक असफल कालिदास ! और कालिदास ? एक सफल विलोम । हम कहीं एक दूसरे के बहुत निकट पड़ते हैं ।

(ख) कर्त्तव्य का पालन करते हुए मरना यदि आदर्शवाद है तो मैं कहूँगा कि विश्व के प्रत्येक नागरिक को ऐसा ही आदर्शवादी होना चाहिए ।

**अथवा**

पन्ना ! तलवारें आसानी से म्यान के भीतर नहीं जातीं । जब म्यान में राज्यश्री भर जाती है तो तलवार बाहर निकल आती है ।

(ग) 'यहाँ धान और पाट की खेती होती है । हम भी अपने देश में धान और पाट की खेती करते थे । ........ गाँव-घर, बाग-बगीचे, पोखरे और नदी – सब कुछ अपने देश जैसा.........'

**अथवा**

'मैं एक परिवार की बेटी हूँ । इन आत्मीय स्वजनों के बीच पारस्परिक सहानुभूति और सहयोगिता को फिर से पनपाऊँगी मैं ।'

2. 'जुलूस' उपन्यास का कथानक बताकर उसमें निरूपित समस्या पर प्रकाश डालिए । **12**

**अथवा**

पवित्रा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

3. एकांकी के तत्त्वों के आधार पर 'पापी' एकांकी की समीक्षा कीजिए । **12**

**अथवा**

'खिड़की की राह' एकांकी के प्रवीण और दिलीप दो भिन्न जीवनदृष्टि के प्रतीक हैं – सिद्ध कीजिए ।

4. टिप्पणियाँ लिखिए : (कोई **दो**) **10**

(1) 'ऊसर' एकांकी में आधुनिकता

(2) 'आषाढ़ का एक दिन' का कालिदास

(3) मल्लिका

(4) 'आषाढ़ का एक दिन' की संवाद योजना

5. सूचनानुसार कीजिए : **15**

(क) जोड़े मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | दीपदान | (i) | शरदचंद्र |
| (2) | खिड़की की राह | (ii) | दीपा |
| (3) | पापी | (iii) | पन्ना |
| (4) | सीमा रेखा | (iv) | ऊर्मिला |
| (5) | बादल आ गये | (v) | उषा |
| | | (vi) | अम्बिका |

(ख) एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(1) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का प्रथम प्रकाशन किस वर्ष हुआ था ?

(2) कालिदास और मातुल का क्या सम्बन्ध है ?

(3) रंगिनी और संगिनी मल्लिका के घर क्यों आती हैं ?

(4) 'विलोम' शब्द का क्या अर्थ होता है ?

(5) प्रियंगुमंजरी कहाँ की राजकुमारी थी ?

(ग) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(1) मैला आँचल _________ का प्रथम उपन्यास है । (नागार्जुन, रामदरश मिश्र, रेणु)

(2) गोढ़ी लोग ________ का काम करते हैं । (बढ़ईगीरी, मकान बनाने का, मच्छीमारी)

(3) पवित्रा की मंगनी लखमीपुर के _______ से हुई थी । (विनोद, प्रमोद, आमोद)

(4) नबीनगर को _______ टोला कहा जाता था । (बांग्लादेशी, चीनी, पाकिस्तानी)

(5) जुमापुर का _______ पवित्रा को अपना चाँद कहता था । (रहीम, कासिम, मोहसिन)

Seat No. : _______________

# XB-104

**T.Y.B.A.**

**March-2013**

## Hindi : Paper-VIII

**(मन्नू भंडारी)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. संदर्भ देकर व्याख्या कीजिए : **21**

(अ) "मैंने तो नौ साल तक तेरे साथ झक मारी है । घूमना-फिरना, मिलना-जुलना, सब कुछ छोड़ दिया था, सिर्फ इसलिए कि तू कुछ बन जाए ।"

**अथवा**

"मुझे तो तलाक का मतलब भी नहीं मालूम । उसी ने बताया कि ममी-पापा की लड़ाई को तलाक कहते हैं । "

(ब) "औरतें कभी पूरी तरह तटस्थ नहीं रह सकतीं, खासकर ऐसे सांघातिक क्षणों में तो वे बात भी नहीं कर सकतीं, केवल रो सकती हैं, ज़ार-ज़ार रो सकती हैं ।"

**अथवा**

इधर एकदम कितनी बड़ी हो गई हूँ । कानून की बातें समझने लगी हूँ ।

(क) उसूल है दा साहब का कि जिससे भी मिलो पूरी तरह मिलो ।

**अथवा**

इट्स ए क्लीयर केस ऑफ सुसाइड । आप यह रिपोर्ट देख लीजिए । कोई छोटा-मोटा चेंज करना हो तो कर दीजिए, वैसे ख़ास ज़रूरत नहीं पड़ेगी ।

2. 'शकुन चक्की पीस-पीसकर बेटे का जीवन बनाने में अपने आपको स्वाहा कर देने वाली माँ नहीं थी, बल्कि स्वतंत्र व्यक्तित्व, आकांक्षाएँ और आजीविका के साधनों से दृप्त माँ थी ।' इस कथन के आलोक में शकुन के चरित्र की विशेषताएँ बताइए । **12**

**अथवा**

'महाभोज' के कथानक की विशेषताएँ बताकर इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

3. मन्नू भंडारी की कहानियों में नारी के विविध रूप मिलते हैं – सोदाहरण चर्चा कीजिए। **12**

**अथवा**

'यही सच है' की नायिका दीपा की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

4. संक्षेप में लिखिए : **10**

(अ) 'आपका बंटी' के अंत की सांकेतिकता ।

**अथवा**

'बन्द दराज़ों का साथ' का केन्द्रीय भाव ।

(ब) 'सज़ा' में व्यक्त यथार्थ की मार्मिकता ।

**अथवा**

'महाभोज' शीर्षक की सार्थकता ।

5. सूचनानुसार उत्तर दीजिए : **15**

(अ) सही विकल्प चुनकर वाक्य पुन: लिखिए :

(1) बंटी और माली मिलकर कौन सा पौधा लगाते हैं ? (आम का, नीम का, नींबू का)

(2) डॉ. जोशी की पहली पत्नी से कितनी संतान थीं ? (एक, दो, तीन)

(3) शकुन के लिए डॉ. जोशी की लाई गई किस भेंट से बंटी को नाराज़गी थी ? (फूल, परफ्यूम, साड़ी)

(4) अजय की दूसरी पत्नी का नाम क्या था ? (मीरा, शीना, रीना)

(5) कुन्दन का पात्र किस कहानी में आता है ? (मजबूरी, नई नौकरी, सज़ा)

(6) 'यही सच है' कहानी किन शहरों में बँटी है ? (कलकत्ता-कानपुर, दिल्ली-कानपुर, लखनऊ-कलकत्ता)

(7) 'यायावर' का शाब्दिक अर्थ क्या है ? (बेरोज़गार, नौकरी पेशा, घुमक्कड़-प्रवासी)

(8) 'मशाल' दैनिक के संपादक कौन हैं ? (अप्पा बाबू, दत्ता बाबू, सुकुल बाबू)

(9) दा साहब का अपना आदमी कौन है ? (लखनसिंह, मक्खनसिंह, लक्ष्मणसिंह)

(10) सक्सेना कौन था ? (एस.पी., सी.एम., डी.एम.)

(ब) 'अ' से 'ब' के योग्य जोड़े मिलाइए :

| अ | ब |
|---|---|
| (1) यही सच है । | (i) रोज़-रोज़ दलिया बनाकर रख देती है, हमसे नहीं खाया जाता । |
| (2) नई नौकरी । | (ii) एकाएक उसे लगने लगा, शायद वह बहुत ही नकली से माहौल में रहकर लौटा है । |
| (3) आपका बंटी । | (iii) एक बीसी और आठ बरस भादों का ही जो जनम रहा सरकार |
| (4) शायद । | (iv) तोड़ा उसने था, बात भी वही आरंभ करे । |
| (5) महाभोज । | (v) अब निभता नहीं, कल इस्तीफा दे दूँगी । |